टी0ए0 मिस केस सं0 118/2019-20

दिनांक	आदेश	अभ्युक्ति
03/08/19	अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **रामसिंह सिंकु, पिता– स्व0 मौटा सिंकु, ग्राम– जयपुर, थाना– हाटगम्हरिया, जिला– पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा** ने मौजा– **जयपुर, थाना– 429,** खाता नं०– **313,** प्लॉट नं०– **1657,** रक्वा– **0.48** एकड़ भूमि क्रेता **माधुरी सिंकु, पति– अमरनाथ सिंकु, ग्राम– जयपुर, थाना– हाटगम्हरिया** के पास में बिक्री के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) (ए) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बिक्री हेतु आम सूचना निर्गत किया गया। अंचल अधिकारी, हाटगम्हरिया से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दास्तावेज प्रस्तुत किया गया। दास्तावेजो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि **आवेदित भूमि आवेदक के दादा के नाम पर खतियान में दर्ज है।आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्ण दखल है।** अंचल अधिकारी, हाटगम्हरिया का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक– 165, दिनांक–. 18.07.2019 एवं विक्रेता द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजो के अवलोकन से ज्ञात होता है कि मकान बनाने एंव अन्य धरेलु कार्य हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भू–खण्ड को क्रेता **माधुरी सिंकु, पति– अमरनाथ सिंकु, ग्राम– जयपुर, थाना– हाटहम्हरिया,** के पास 2,40,000.00/–(दो लाख चालीस हजार) रूपये में बिक्री करना चाहते हैं। इस संबंध में किसी को किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ है। जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों थाना **हाटहम्हरिया** के निवासी है। उक्त दोनों अनुसूचित जन जाति के सदस्य हैं। ग्रामीण मुण्डा का बिक्री करने संबंधी अनुशंसा प्रतिवेदन प्राप्त है जो अभिलेख में संलग्न है। उपरोक्त प्लॉट की बिक्री के पश्चात् आवेदक के पास शेष 15.00 एकड़ भूमि से ज्यादा बचता है। आवेदक के पास भरण पोषण हेतु पैत्रिक भू–सम्पति प्रर्याप्त है। अतः अंचल अधिकारी, हाटगम्हरिया एवं ग्रामीण मुण्डा के अनुशंसा के आलोक में विक्रेता **रामसिंह सिंकु, पिता– स्व0 मौटा सिंकु, ग्राम– जयपुर,** क्रेता **माधुरी सिंकु, पति– अमरनाथ सिंकु, ग्राम– जयपुर** के पास 2,40,000.00/–(दो लाख चालीस हजार) मे **मौजा– जयपुर, थाना– 429,** खाता नं०– **313,** प्लॉट नं०– **1657,** रक्वा–.0.48 एकड भूमि को विक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(ए) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तांतरण करने की......अनुमति......दी जाती है। लेखापित। (हस्ताक्षर) भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा। (हस्ताक्षर) 3/8/19 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा।	

Scanned with CamScanner